हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 22 जून 2024

04 कैलादेवी फ्लाईओवर पर सैकड़ों की संख्या में ...



07 स्कूल चलें हम अभियान के तहत कार्यक्रम में शामिल...





### 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में किया गया योगाभ्यास

# जनप्रतिनिधियों, अफसरों, नागरिकों और बच्चों ने किए ताड़ासन के साथ वृक्षासन

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा

जिले मे 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण जिलेभर में आयोजित योग कार्यक्रमों में लोगों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर स्वस्थ्य तन और मन के लिए योग की क्रियाएं दोहराकर, योग को अपनी जीवनशैली में अपनाने एवं अन्य लोगो को जागरूक करने का संकल्प लिया। जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम नई कृषि उपज मंडी आगर के प्रांगण में प्रातः 6 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय सेवक, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सम्मिलित होकर योगाचार्यां के दिशा-निर्देशन चालन क्रिया, स्कंध संचालन, स्कंध चक्र, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चन्द्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तांनमंडूकासन, वक्रासन, मक्रासन, भुजंगासन, शलवासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादआसन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, श्वासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम, रामरी और ध्यान क्रियाएं की गई।





### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण एलईडी पर देखा

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में विधायक मधु गेहलोत, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी विनोद कुमार सिंह, एएसपी निशा रेड्डी, एसडीएम सर्वेश यादव, सीएसपी मोतीलाल कुशवाह, शिक्षा अधिकारी आरजी शर्मा, जनप्रतिनिधि भेरूसिंह चौहान, कैलाश कक्का, मनीष सोलंकी, प्रेमयादव, जिला क्रीडा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार महापात्र, योगाचार्य बृजमोहन चौहान, योगाचार्य मध्य प्रदेश योग आयोग सदस्य हरीश श्रीवास्तव, मकवाना, हरि नारायण यादव प्रभारी पीओ डूडा पवन कुमार फूलफकीर सहित आमजन की उपस्थिति रही।

### कक्का इंटरनेशनल स्कूल में कराया योगाभ्यास

नलखेड़ा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर की विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया वहीं बच्चों द्वारा इसका प्रदर्शन भी किया गया। नगर की एकमात्र सीबीएसई शिक्षण संस्था कक्का इंटरनेशनल स्कूल में भी स्कूली छात्र - छात्राओं द्वारा योग दिवस पर योग अभ्यास कर योग की विभिन्न क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर शिक्षण संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है- नितिन टांटेड

नलखेड़ा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर नलखेड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस निमित्त विद्या भारती द्वारा निर्धारित 10 मिनट की व्यायाम श्रृंखला , सूर्य नमस्कार , आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन करते हुए सभी उपस्थित आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहनों ने उपरोक्त गतिविधि में सहभागिता की।योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन टांटेड, अध्यक्षता चेतन रावल, विशेष अतिथि गोविंद वेदिया सचिव नलखेड़ा शिक्षण समिति, प्राचार्य शिवराम प्रजापति, प्रधानाचार्य ईश्वर सोलंकी, की गरिमामयी में उपस्थिति में योग शिक्षक निलेश जैन के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।अतिथि परिचय प्रधानाचार्य एवं किरण कुंभकार ने दिया। सरोज जैन दीदी ने स्वागत किया एवं स्वागत गीत जीवनपुरी गोस्वामी, तबला वादक दीपक शर्मा व मनोज दुबे ने अपनी रोचक प्रस्तुति से किया कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की संकल्पना और उसको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने के प्रभाव पर प्राचार्य ने विस्तृत चर्चा की अंत में योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि का स्मरण कर उनके अतुलनीय योगदान के लिए उनको नमन किया गया। आभार आचार्य जगदीश राठौर ने माना ।





# कलेक्टर बने शिक्षक बच्चों को पढ़ाया पाठ

**स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम किया**



हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा

स्कूल चले हम अभियान-2024 के अंतर्गत गुरुवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने माध्यमिक विद्यालय पालड़ा में शिक्षक बनकर स्कूली बच्चों से प्रेरणादायी संवाद कर जीवन में सफल होने का पाठ पढ़ाया। कलेक्टर सिंह ने बच्चों से अपने अनुभव साझा करते हुए प्रेरणादायी संवाद किया तथा पाठ्यक्रम के एक अध्याय का अध्यापन छात्रों का करवाकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने बच्चों से विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न पुछे तथा सही उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर पुरस्कृत भी किया गया। कलेक्टर सिंह द्वारा विद्यालय में वाचनालय का अवलोकन किया गया तथा शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के अन्त में कलेक्टर सिंह द्वारा विद्यालय परिसर मे पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आर. जी. शर्मा, डीपीसी रजनीश स्वर्णकार एवं समस्त एपीसी गंगाराम मेवाड़ा, अर्चना भटनागर, अल्पना विल्सन एवं जयालक्ष्मी (निपुण प्रोफेशनल) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


### माध्यमिक विद्यालय शिवगढ़ में बच्चों से किया संवाद



भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के राजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारी जिले के स्कूलों में पहुंचे और छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर एकीकृत माध्यमिक विद्यालय शिवगढ़ में भविष्य से भेंट कार्यक्रम मे शामिल हुई, जहां उन्होंने बच्चों से प्रेरणादायी संवाद किया। डॉ. चंचल कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी आदतों को अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया तथा सभी बच्चों का निःशुल्क दांत उपचार करने की भी घोषणा की।

### अधिकारियों ने शिक्षक बनकर दी बच्चों को प्रेरणादायी शिक्षा

जिले के शासकीय स्कूलों में गुरुवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंचकर बच्चों से भेंट की तथा शिक्षक बनकर बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण कर जीवन में आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाया। जिले के सभी शासकीय स्कूलों के लिए अधिकारियों द्वारा भविष्य से भेंट कार्यक्रम अन्तर्गत पंजीयन करवाकर विद्यालयों समय पर पहुंचकर बच्चों से प्रेरणादायी संवाद किया गया। अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय आगर शहर की बालिकाओं से भविष्य से भेंट कार्यक्रम में संवाद किया गया। उन्होंने बच्चों से प्रेरणादायी संवाद करते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरी लगन और मेहनत कर प्राप्त करें। उन्होंने छात्राओ से कहा कि विद्यार्थी जीवन का सदुपयोग करें, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो तथा जीवन में आगे जिस क्षेत्र में अपना करियर बनाना है, उसके लिए पहले से लक्ष्य निर्धारित कर ले और पूरे मनोयोग से उसे प्राप्त करें। इसी तरह उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने प्राथमिक विद्यालय भवनानीपुरा, उप संचालक, पशुपालन हरिवल्लभ त्रिवेदी ने गुर्जरखेड़ी के विद्यालय में, मंडी सचिव आगर विजय कुमार जैन ने माध्यमिक विद्यालय गैलाना, पीओडूडा पवन कुमार फुलफकीर ने माध्यमिक विद्यालय बडिया, उप संचालक, जनसम्पर्क अनुराधा गहरवाल ने पीएमश्री माध्यमिक विद्यालय देहरिया, विपणन संघ के विक्रम परमार ने माध्यमिक विद्यालय गोन्दलमऊ, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे ने माध्यमिक विद्यालय आवर, अधीक्षण यंत्री एमपीईबी राजेश कुमार हराड़े ने माध्यमिक विद्यालय सुईगांव में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। जिले के अन्य अधिकारियों ने भी पंजीकृत विद्यालयों में वालंटियर के रूप में विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया गया।



### पतंजलि योग परिवार गुना द्वारा मनाया जाएगा 10वां विश्व योग दिवस

**गुना।** पतंजलि योग परिवार(पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति, हमरो स्वाभिमान भारत) गुना के तत्वाधान में दसवा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुक्रवार को कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम मैं पीजी कॉलेज के पास सुबह 6 से 7:45 तक रखा गया है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास कराया जाएगा जिसमें पतंजलि परिवार गुना द्वारा सभी गुना के नागरिकों इस योग के कार्यक्रम मैं शामिल होने के लिए आग्रह किया है योग अभ्यास प्रार्थना मंत्र के साथ प्रारंभ होगा जिसमें ग्रीवा संचालन, स्कंद खिंचाव, स्कंद चक्र, कटीशक्ति संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन,पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उस्ट्रासन,उस्ट्रासन , शसकासन उत्तांनमडूकासन, वक्रासन, मकरासन भुजंगासन, सलभासन, सेतुबंध आसन उत्तानपादासन अर्धलासन पवनमुक्तासन और प्राणायाम में कपालभाति अनुलोम विलोम शीतली भ्रामरी और प्रणव प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा उसके पश्चात शांति पाठ के साथ योगाभ्यास का समापन होगा।

### शिक्षा से समृद्धि की और बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**गुना।** 20 जून को एचएस दोराना में शिक्षा विभाग, पिरामल फाउंडेशन, एस्पिरेशनल भारत कॉलेबोरेटिव के द्वारा स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शिक्षा से समृद्धि की और के लिए बच्चों ने निकाला जागरूकता रैली। रैली में बच्चों ने ग्राम पंचायत दोराना में घूम घूम कर लोगो को जागरूकता कर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।स्कूल चले हम अभियान में प्रैरक गांधी फेलो नीरज कुमार ने घर घर में शाला त्यागी बच्चियों के घरों में जा कर परामर्श दिया। प्रोजेक्ट समृद्धि के तहत शाला त्यागी बच्चियों को वापस स्कूल में लाना है, उनके कैरियर काउंसलिंग, आदि चीज़ों पे ध्यान दिया जाएगा। रैली का शुभारंभ एच.एस. दोराना प्राचार्य श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, पीरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीड ऊधम सिंह लोधी एवम् शिक्षक केशव सिंह चौहान जी द्वारा किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में एच.एस. दोराना के सभी शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

# जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैंकर्स एवं सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में मार्च तक जिले में बैंकिंग विकास, वार्षिक ऋण योजना के तहत प्रगति, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के तहत प्रगति की समीक्षा कर बैंकर्स एवं स्वरोजगार से जुड़े विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्व-रोजगार योजनाओ के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर बैंकर्स एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक दूसरे से समन्वय कर प्रकरण स्वीकृत करवाकर ऋण वितरण करवाएं। उन्होंने स्व-रोजगार संबंधित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हर सिमरनप्रीत कौर, आरबीआई भोपाल के नवीन सिंह, डीडीएम नाबार्ड एनके सोनी, एलडीएम दिलीप सिंह, प्रबंधन अजीविकास मिशन संजीव सक्सेना, उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया, प्रभारी पीओ डूडा पवन कुमार फुल फकीर सहित अन्य अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित थे।

### जिले में 14.1 एमएम औसत वर्षा

नलखेड़ा। आगर-मालवा जिले में शुक्रवार की सुबह 08:00 बजे तक बीते चौबीस घंटे में 14.1 औसत वर्षा दर्ज की गई। जिसमें आगर तहसील में 50 एमएम व सुसनेर में 6.4 एमएम वर्षा हुई। शेष दो तहसील बड़ौद एवं नलखेड़ा में वर्षा दर्ज नहीं की गई है। जिले में अब तक इस वर्ष 21.8 एमएम वर्षा हुई है,जबकि गत वर्ष 24.8 एमएम वर्षा दर्ज की गई थी।



### दो बूंद जिंदगी की पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ विभाग ने निकाली जागरुकता रैली

**गुना ।** पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 23 जून को जिले भर में किया जाएगा। जिसमें जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन के 2 ड्रॉप पिलाए जायेंगे। दो बूंद जिंदगी की पोलियो अभियान के तहत चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य विभाग गुना द्वारा बुधवार को जन जागरुकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली की उपस्थित में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदर्शन कुशवाह, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. आर.आर. माथुर सहित एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओ के द्वारा एपीएम, वीसीसीएम, डबल्यूएचओ मॉनिटर व स्वास्थ विभाग का अन्य स्टाफ रैली में सम्मिलित रहे। रैली में शामिल स्टाफ द्वारा अपने हाथ में तख्तियों पर लिखे नारे दो बूंद हर बार पोलियों पर जीत रहे बरकरार, जब चलेगा पल्स पोलियो अभियान पोलियो का मिटेगा नामो निशान, पोलियो की दवा देंगे कब जन्म से लेकर पांच वर्ष तक आदि नारों से पोलियो संबंधी जागरुकता का संदेश दिया।

### खेजरा के ग्रामीणों ने की रास्ता खुलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ग्राम खेजरा के दर्जनों ग्रामवासी एकत्रित होकर गुरुवार को पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्टर के नाम उन्होंने ज्ञापन सौंपकर रास्ता खुलवाने की मांग की । ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत खेजरा की भूमि सर्वे नं. 124 पर रास्ता रोके जाने से उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्राम खेजरा उक्त भूमि पर लुसन का बगीचा केन्ट निवासी व्यक्ति द्वारा रास्ता रोक दिया है। जिससे टगर में जाने का रास्ता ही बंद हो गया है ।जब कि उक्त भूमि सरकारी भूमि है। उस पर मकान बना लिया है। ग्राम के सभी लोगों का टगर में जाने का रास्ता ही बंद कर दिया ।जिससे भूमि की जुताई आदी कार्य भी कृषक नहीं कर पा रहे हैं। ग्राम में आने का उक्त मार्ग बंद होने से स्कूल के बच्चे भी नहीं निकल पा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग रखी है कि मामले की उचित जांच कराई जाकर रास्ता खुलवाया जावे एवं उचित कार्रवाई करें।



### कलेक्टर के समक्ष बच्चों द्वारा आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर बनने और आर्मी में जाने के लिए की अपनी इच्छा प्रकट

# स्कूल चले हम अभियान "भविष्य से भेंट" के दौरान कलेक्टर बने शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 18 से 20 जून तक स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किये गये थे। जिसमें 20 जून 2024 को भविष्य से भेंट के तहत जिले के कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों एवं प्रबुद्धजन सहित जिला अधिकारियों द्वारा अलग-अलग विद्यालयों में जाकर बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया एवं एक पीरियड पढ़ाकर उन्हें ज्ञान उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा गुना शहर के नजदीक शा. बालक मा.वि. बजरंगगढ़ एवं शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बजरंगगढ़ में जाकर बच्चों को पढ़ाया और भविष्य में उन्हें क्या बनना चाहते हैं तथा खेलकूद सामग्री की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

सर्वप्रथम कलेक्टर द्वारा बालक माध्यमिक विद्यालय बजरंगगढ़ में कक्षा 6 के बच्चों की बौद्धिक क्षमता परखने के लिए ब्लैकबोर्ड पर लेखन कार्य किया, इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झण्डा का नक्शा बनाकर बच्चों को रोचक तरीके से राष्ट्रीय ध्वज का महत्व और रंगों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बच्चों से खेल सामग्री के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों द्वारा बैडमिंटन, चिड़िया बल्ला, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, सितौलिया आदि की मांग की गई, जिसे कलेक्टर द्वारा सहर्ष स्वीकार कर एक सप्ताह के अंदर प्रदाय करने की घोषणा की गई। इस दौरान बच्चों



को चिप्स के पैकेट भी वितरित किये गये। बच्चों द्वारा पुलिस, आर्मी एवं आपके जैसे (कलेक्टर) बनने की इच्छा प्रकट की। इस दौरान कलेक्टर द्वारा रोचक तरीके से उन्हें खूब पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान दुर्गा स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये गये मध्यान्ह भोजन को चखा और खाने की गुणवत्ता की तारीफ की गई और उन्हें नगद राशि के रूप में भेंट दी गई।

इसके पश्चात शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बजरंगगढ़ में कक्षा 9 एवं 10 के बच्चों को महाकवि कालीदास के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उनकी रचनाओं के बारे में बताया और बच्चों के संस्कृत ज्ञान को परखा। इस दौरान कलेक्टर के पूछे जाने पर बच्चों ने आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर आदि बनने की इच्छा प्रकट की और विद्यालय में खेलकूद सामग्री उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात कलेक्टर द्वारा कहा कि जो भी बनना है वह अपनी रूचि, इच्छा, लगन अनुसार बनें और अपना लक्ष्य निर्धारित कर लगन से खूब मेहनत करें और पढ़ाई की नियमितता जारी रखें। कम से कम 7 से 8 घंटे तक खूब पढ़ाई करें और मोबाइल से दूरी रखने के लिए सचेत भी किया गया।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा हित उपदेशक संस्कृत के श्लोक का हिन्दी रूपांतरण करते हुए कहा कि पुस्तक में रखी हुई विद्या और दूसरे के हाथ में रखा हुआ धन समय आने पर दोनों काम नही आते हैं, इसलिए आपके पास जो पुस्तकें उपलब्ध हैं, उनका मन से अध्ययन करें और आगे बढ़ें तभी सफलता मिलती है । इस तरह कलेक्टर आज शिक्षक की भूमिका में नजर आये। अंत में कलेक्टर द्वारा विद्यालय परिसर में पत्रकार साथियों एवं स्कूल स्टाफ के साथ पौधरोपण भी किया गया।

खबर संक्षेप

## नीट परीक्षा में गड़बड़ी के चलते कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन



**देवास।** शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर देशभर में कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन किया। शहर में भी जमकर नारेबाजी हुई। इस दौरान कांग्रेसियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी व प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने 4 जून 24 को नीट यूजी 2024 का परिणाम जारी किया। कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंक के बाद अन्य अनियमितता और पेपर लीक के आरोप से परिणाम प्रभावित हुए हैं।बिहार, गुजरात और हरियाणा में की गई गिरफ्तारियों से भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से उजागर हुआ है। साथ ही देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में हुए पेपर लीक घोटाला एवं प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले को लेकर और बुधवार को शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी नीट परीक्षा रद्द कर दी। यह परीक्षा एक दिन पहले मंगलवार 18 जून को ही कराई गई थी। इसमें देश भर के कई छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे।परीक्षा रद्द कर देने से होनहार छात्राओं के साथ भी अन्याय हुआ है, जिसको लेकर शहर कांग्रेस, जिला कांग्रेस ग्रामीण द्वारा शुक्रवार को शिवाजी पार्क मीना बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर धरना देकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया गया।

## ट्रक ने बस को मारी टक्कर, दो यात्री घायल

**देवास।** देवास से उज्जैन जा रही एक यात्री बस को उज्जैन रोड नागूखेड़ी के पास पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा सुबह 7 बजे के करीब हुआ। जिसमें पीछे बैठे दो यात्रियों को चोट लगी है जिन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से बांगर स्थित अमलतास अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार 6:30 बजे देवास बस स्टैंड से उज्जैन के लिए निकली यात्री बस उज्जैन रोड नागुखेड़ी पहुंची जहां बस का ड्राइवर सडक़ पर स्थित मंदिर में अगरबत्ती लगाने गया था तभी पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने बस को टक्कर मार दी। हादसे में दो यात्रियों को चोट लगी है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान बस में करीब 20 से 25 यात्री सवार थे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त किया गया। हादसे में ट्रक व बस दोनों में नुकसान हुआ है।

## योग दिवस पर यूएफसी जिम में हुआ योग

**देवास।** विश्वयोग दिवस पर यूएफसी (अल्टीमेट फिटनेस सेंटर) जिम में योग कराया गया। जिम संचालक एवं ट्रेनर अंकित दुबे ने बताया कि आजकल आधुनिकता के साथ प्राचीन परंपराओं का भी समावेश किया जा रहा है। मशीनों के माध्यम से कसरत करवाने वाले जिम में भी भारतीय योग की क्रियाएं नियमित रूप से की जा रही है। योग की क्रियाए करने से शरीर को बहुत लाभ होता है, वही कई बीमारियों से भी बचा जा सकता है। हर शनिवार को जिम में आने वाले प्रशिक्षुओं को योग एवं प्राणायाम कराते है।

### मंत्री सिलावट ने शहरवासियों के साथ किया योग नृत्य, जमकर लगाए योग ठहाके

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस

# कैलादेवी फ्लाईओवर पर सैकड़ों की संख्या में योग प्रेमियों ने किया योगाभ्यास

### शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रखने के लिए किया योगाभ्यास, जिले भर में जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला मुख्यालय देवास सहित सम्पूर्ण जिले में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गये। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में कैलादेवी फ्लाय ओवर ब्रिज पर आयोजित हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधिगण, अधिकारिगण, सामाजिक संगठनों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाएं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ योग किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में योग गुरू राजेश बैरागी ने मंच पर योग का प्रदर्शन किया। उनके साथ-साथ उपस्थित अतिथियों एवं अन्य लोगों ने योग के लिए हाथ उठाए। योग का प्रारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। इस दौरान सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, महापौर गीता अग्रवाल, नगर निगम सभापति रवि जैन, राजीव खण्डेलवाल, दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव, भैरूलाल अटारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे सहित अन्य जिलाधिकारी/कर्मचारी, सामाजिक संगठन, पत्रकार, स्कूली बच्चे एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि हम सब आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एकत्रित हुए है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए रोजाना योग करें। संस्कृति, आस्था, लक्ष्य, संकल्प को योग पुरा कर सकता है। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि आज श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ हो रहा है। हमार देश संस्कृति और आस्था का देश है। हम सब स्वस्थ रहने का संकल्प ले और योग करें। देवास जिले में बरसात के पानी के संचय के लिए चलाये जा रहे ₹अमृत संचय अभियान₹ के लिए जल संसाधन मंत्री सिलावट ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को सहजने के लिए जिले में अच्छा कार्य किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जल संसाधन मंत्री सिलावट ने इंडस्ट्रीयल पार्क में पौधारोपण भी किया। मंत्री सिलावट ने शहरवासियों के साथ योग नृत्य किया और जमकर योग ठहाके लगाए।





## फिटनेस क्लास में मनाया योगा दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कॉलोनी स्थित बॉडी टू सॉल फिटनेस क्लास में योग दिवस मनाया गया। बॉडी टू सॉल फिटनेस की संचालिका एवं योग फिटनेस ट्रेनर गीत रघुवंशी ने योगाभ्यास के साथ स्वस्थ जीवनशैली के विषय में बताया। क्लास के 50 छात्रों ने मिलकर योग का अभ्यास किया, जिसमे मूलाधार चक्र ध्यान एवं 51 सूर्यनमस्कार पूर्ण किए, गीत रघुवंशी ने कहा कि केवल आज ही दिखावे के लिए योग नही करना है, अपने दैनिक जीवन में योग को उतारना है, हम सभी को रोज सुबह उठ कर योग करना चाहिए। योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है। योग जीवन जीने की कला सिखाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद के सदस्य ने योग किया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजोदा रोड स्थित निर्लीप स्पोर्ट क्लब पर भारत विकास परिषद के सदस्य एवं निर्लेप स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग गुरु सुषमा सोनी के मार्गदर्शन में योग किया। इस अवसर पर श्रीमती सोनी ने योग के महत्व को समझाया जीवन मे निरोगी रहने के लिए योग कितना जरूरी है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित थे। अध्यक्ष मीना राव, सचिव अंतिम अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शालिनी चव्हाण ने पधारे सभी अतिथियों एवं सदस्यो का आभार। माना उक्त जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी कीर्ति चव्हाण ने दी।








### मलेरिया कार्यक्रम, एनटीसीपी और आरकेएसके कार्यक्रम समीक्षा बैठक संपन्न

# कलेक्टर ने सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान मुक्त रखने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता कि अध्यक्षता में मलेरिया एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत समीक्षा बैठक गत दिवस कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, सीएमएचओ डॉ. शिवेंद्र मिश्रा, सहित स्वास्थ्य विभाग अंर्तविभागीय अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया जैसी वाहक जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। निरन्तर सर्वे कार्य कर और लोगों को जागरूक करें। अन्य विभागों के साथ समन्वय कर प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। गुप्ता ने राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में जागरूकता गतिविधियां निरन्तर स्कूल और कालेजों में आयोजित कर बच्चों और युवाओं को तम्बाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति



जागरूक करने के निर्देश दिये। जिले में सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान मुक्त रखने निरन्तर कार्यवाही करने और तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धाराओं के बारे में अंतर्विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी कार्यवाही करें और आमजन को जागरूक करने साईनेज लगवाये नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जावे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिला मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया जैसी वाहक जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत तम्बाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू सेवन से होने वाले प्रभाव एवं इससे छुटकारा प्राप्त करने के उपाय से संबंधित जानकारी आमजन बताई जा रही है। तम्बाकू के सेवन को रोकने व स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने एवं कोटपा-एक्ट का पालन कराए जाने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रश्मि दुबे ने कहा कि मलेरिया और डेंगू मच्छरों के कांटने से होने वाली बीमारियां है। मच्छरों के कांटने से बचाव कर के डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, जीका जैसी खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है। मलेरिया मादा एनोफिलिज मच्छर के कांटने से और डेंगू तथा चिकुनगुनिया एडीज मच्छर के कांटने से होता है।

## बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक पहुंचे देवास, पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड द्वारा अतिरिक्त जमीन बिक्री को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक, भोपाल सुनील कुमार पत्रकारों से चर्चा करने हेतु जिला प्रमुख कार्यालय देवास पहुंचे। जहां उन्होंने देवास में स्थित बीएसएनएल की अतिरिक्त जमीन की बिक्री के बारे में समस्त पहलुओं पर विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि बीएसएनएल भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत स्वदेशी निर्मित 4जी उपकरण के साथ अपनी 4जी की सेवाएं सम्पूर्ण मप्र में शुरू कर चुका है। अतिशीघ्र सम्पूर्ण देवास जिले में 4जी लांच कर दिया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को अच्छी सुविधाआ मिलेगी। बीएसएनएल के विस्तार को लेकर कम्पनी ने कई अहम निर्णय लेकर देशभर में स्थित अतिरिक्त जमीनों की बिक्री करने का निर्णय लिया है। देवास के कालानी बाग दुर्गा माता मंदिर के पास स्थित बीएसएनएल की अतिरिक्त जमीन की बिक्री ऑक्शन के माध्यम से किया जाना है, जिसमें कुल 52 प्लॉट है। जिसकी विभागीय रिजर्व प्राइस 39.29 करोड़ है तथा कुल क्षेत्रफल 12172 वर्ग मीटर है। जमीन क्रय करने का हमारा मुख्य उद्देश्य है कि बीएसएनएल के हर एक उपभोक्ता को बेहतर सुविधा मिले और नए उपभोक्ता भी हमसे जुडे। पत्रकार वार्ता के बाद अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ जिले की दूरसंचार सेवाओं के विकास के लिए एक बैठक को भी संबोधित किया।

खबर संक्षेप

### जल संरक्षण पखवाड़े का हुआ समापन

**आष्टा।** शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में जल संरक्षण पखवाड़ा 5 से 20 जून तक मनाया गया। आज पखवाड़ें के समापन के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं स्टॉफ के द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से जल संरक्षण के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा ने इस अवसर पर सभी को यह बताया कि हम अधिक से अधिक अपने स्तर पर जल संरक्षण करें जल हमारी निजी संपत्ति नहीं है वह सार्वजनिक सम्पत्ति है। जिस पर सभी का समान हक है। समाज के कुछ लोग जल को अपनी व्यक्तिगत सम्पत्ति मान कर अत्याधिक दोहन कर जल का दुरूपयोग करते हैं, हमें ऐसा नहीं करना है भविष्य के लिये जल अति आवश्यक है। कार्यक्रम प्रभारी श्री कृपाल विश्वकर्मा एवं डॉ. ललिता राय श्रीवास्तव ने कहा कि उक्त जल संरक्षण पखवाड़े के अंतर्गत हमने जो विभिन्न कार्यक्रम किये वह केवल कार्यक्रम ही नहीं थे उसके माध्यम से हमने विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### पति की लंबी आयु के लिए किया वट सावित्री का व्रत

**मुलताई।** पवित्र नगरी में वट सावित्री व्रत पर्व महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मनाया। यह व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी आयु करती हैं । महिलाओं ने बताया कि वट वृक्ष का पूजन कर पति की लंबी उम्र के लिए कामना मांगी जाती है। महिलाओं ने बताया कि व्रती महिलाओं को इस दिन सोलह श्रृंगार करके पूजा करनी चाहिए।

### महिलाओं ने की पूजा

**शाहपुर।** प्राचीन सिद्ध खेड़ापति मंदिर में शुक्रवार को माता और बहनों ने वट सावित्री पर्व पर पूजा अर्चना की। बड़ के पेड़ को धागा बांधकर विधि विधान से पूजा की गई। पार्षद दीपीका बोरबन ने बताया कि बड़ के पेड़ की पूजा पारंपरिक और पौराणिक रीति है। रिवाज से की जाती है। बड़ के पेड़ की आयु बहुत लंबी होती है। इस तरह अपने जीवन साथी की आयु की लंबे जीवन की सफल यात्रा के लिए यह पूजन महिलाएं अपने पति के लिए व्रत रखकर करती हैं।

थाना परिसर में नियमों की भेंट चढ़ रहे है लाखों के वाहन

# थाना परिसर में खडे विभिन्न अपराधों में जब्त और लावारिस वाहन खा रहे जंग

पुलिस द्वारा जब्त किए वाहन थाना परिसर में पडे हुए है, परिसर में रखे चार और दो पहिया वाहन जंग खा रहे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस की जिम्मेदारी यह है कि किसी भी मामले में जप्त होने वाले वाहनो को अपने परिसर में सुरक्षित रखना होता है इसके चलते थाना परिसर में अनेक वाहन जमा होने के साथ-साथ उन पर समय का प्रभार भी पडता है और यह वाहन धीरे-धीरे खराब होते हुए अंत में सडको पर चलने योग्य नहीं रहते है।

लेकिन पुलिस की परशानी यह है कि इन वाहनो के लिए वह स्वयं कोई निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है इसके लिए पुलिस को न्यायालय के आदेष की प्रतिक्षा करना होती है। पुलिस विभाग द्वारा वाहनों पर की जाने वाली कार्यवाही अदालत में प्रकरण होने के कारण कई वर्षो तक सड़ते रहते है। वही कुछ वाहन ऐसे होते है जो लावारिस अवस्था में होते है। जिसे वाहन वाले मालिक छुड़ाने के लिए थाने में भी नही आते या फिर छुड़ाना नही चाहते। जिसके कारण ऐसे वाहन थाना परिसर में कई वर्षो से सड़ रहे है। अधिकांश अच्छा वाहन भी कबाड़े में बिकने वाला हो जाता है। यदि इन वाहनों की जल्द निलामी करवा दी जाए, तो इन वाहनों से अच्छा खासा राजकोष मिल सकता है।

### थाना परिसर में सड़ रहे वाहन

पुलिस द्वारा कई प्रकरण में वाहनों को पकड़ा जाता है। जिसमें दो पहियां वाहनों की हालत पुलिस थाना परिसर में रखे वाहनों से अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस द्वारा कार्रवाई के चलते वाहनों में से अधिकांश वाहन पुरी तरह सड़ चुके है। वही जो वाहन अभी अच्छी स्थिति में वह भी अव्यवस्था के कारण धीरे-धीरे सड़ जाएगा। पुलिस द्वारा कई मामलों में वाहनों को जप्त किया जाता है। जिसमें चोरी के वाहन, लुट, दुर्घटना आदि में लावारिस हालत में मिलने वाले वाहन शामिल है। जिसको पुलिस अपनी कस्टडी में ले लेती है। इनमें से कुछ तो वाहन मालिक के द्वारा नियमनुसार छूट जाते है लेकिन अधिकांश वाहन ऐसे भी है जो वर्षो से थाना परिसर में सड़ रहे है। थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय ने बताया कि जिन वाहनों पर केस चल रहा है उनकी तो नीलामी न्यायलय के आदेश के बाद होगी। पुलिस को न्यायलय के आदेश की प्रतीक्षा करनी पड़ती है और कलेक्टर का भी आदेश ज़रुरी है। जो



वाहन थाना परिसर में खड़े है। अधिकतम वाहनों पर केस चल रहा है। न्यायालय से आदेश आने के बाद ही नीलामी होगी अभी कोई आदेश नहीं है।

## एक माह से लापता बालक को किया दस्तयाब

जावर पुलिस को मिली सफलता




**जावर।** लापता बालक को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

थाना जावर में 25 मई को फरियादी देवेंद्र सेन पिता गणपत सिंह सेन निवासी ग्वाली थाना जावर ने थाने आकर अपनी पत्नी रीना सेन पति देवेंद्र सेन उम्र 30 वर्ष निवासी ग्वाली थाना जावर, बच्चे अनिकेत पिता देवेंद्र सेन उम्र 6 वर्ष की गुम होने की रिपोर्ट की थी। जिस पर थाना हाजा पर अप क्र 177/2024 धारा 363 कायम कर विवेचना में लिया गया।

गुम इंसान को जगह जगह तलाश किया गया। जिन्हे मुखबिर की सूचना पर दिनांक 20 जून को इंदौर से दस्तयाब किया गया। पत्नी और बच्चे को देवेंद्र सेन पिता गणपत सिंह सेन नि ग्वाली थाना जावर के सुपुर्द किया गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है। उक्त प्रकरण में प्र आर 453 आत्माराम, आर 567 अर्जुन, आर 278 पवन के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

## हाई स्कूल बैरागढ़ खुमान में 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को प्रचार्य के सहयोग से वितरित किए स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम बेरागढ खुमान पंचायत अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बैरागढ़ खुमान में प्रवेशउत्सव कार्यक्रम के मौके पर नए सत्र में कमल शर्मा एवं सभी शिक्षकों के सहयोग से नबी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को स्कूल बैग के साथ-साथ पेन पेंसिल रबर कटर सहित सभी सामग्री वितरित किए है। एवं सभी विद्यार्थियों को आइडी कार्ड देकर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। जिससे बच्चों में उत्साह एवं पढ़ाई के प्रति जागरुकता आई एवं पिछली बार की तुलना में इस बार हमारे यहां पर इस सत्र 32



**श्यामपुर।** स्कूल के छात्र-छात्राओं को बैग वितरीत करते हुए।

अधिक छात्र-छात्राएं ने एडमिशन लिया है। एवं प्राचार्य द्वारा बताया गया की हमारा प्रयास है। स्कूल में 200 के आसपास बच्चे प्रवेशित है। बाकी सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को भी सामग्री वितरित कि जाएगी।

## भाजपा को चुनावी वादे याद दिलाने क्या हुआ तेरा वादा अभियान के तहत कांग्रेस ने लिखे पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता पार्टी भगवान राम के नाम पर राजनीति करती है और कार्य भगवान राम की नीति के खिलाफ करती है भगवान राम अयोध्या में सब को लेकर एक माला में पिरोकर रखते थे और भारतीय जनता पार्टी भेदभाव धर्मवाद ,जातिवाद एक जाति से दूसरी जाति को एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ा कर राज करना चाहती है इसी कारण अयोध्या से भगवान राम ने भारतीय जनता पार्टी को हराकर यह संदेश दिया है कि भारतीय जनता पार्टी तोड़ने की राजनीति करती उक्त बात प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह ने युवा कॉंग्रेस ज़िला महासचिव संदीप सिंह ठाकुर द्वारा आयोजित क्या हुआ तेरा वादा कार्यक्रम में कहीं। श्री सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय



जनता पार्टी ने जनता से जो वादे किए थे वह वादे भारतीय जनता पार्टी सरकार बनते ही भूल गई है। इन्हें वादों को याद दिलाने हेतु मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस द्वारा पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत आष्टा से की जा रही है जो कि पूरे प्रदेश में चलाई जाएगी। वादों को पोस्टकार्ड भेजकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी को उनकी पार्टी द्वारा किए गए वादों को याद दिलाया जाएगा कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री शैलेंद्र पटेल ने कहा कि युवा ठान ली तो क्या नहीं कर सकते हम सभी यूथ कांग्रेस से निकले हुए साथी हैं हमें संघर्ष करना आता है और हम आज पोस्टमार्टम कार्ड के माध्यम से सरकार को उनके वादे याद करा रहे हैं और आने वाले समय में सड़कों पर उतरकर भी यह कार्य करेंगे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने युवाओं से आह्वान किया कि वह राहुल गांधी के बताए हुए मार्ग पर चलें संघर्ष करें। कार्यक्रम में कैलाश परमार, शादाब खान, डॉ मीना सिंह, सौभाल सिंह ठाकुर, प्रहलाद सिंह वर्मा, बृजेश पटेल, इदरीश मंसूरी, घनश्याम जांगड़ा, ठाकुर प्रसाद वर्मा, एच आर परमाल, रामचरण दावरिय ने भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता हिफ्जूरहमान भैया मियां, विनीत सिंघी, ठाकुर प्रसाद वर्मा, सौभल सिंह ठाकुर, शांतिलाल मंडलोई, मेहरबान सिंह, सोभाल सिंह, शेख नईमुद्दीन, रामचरण दवारिया, बंसीलाल, लोकेन्द्रसिंह भाटी, अमित पटेल, बनप सिंह पटेल, सूरज सिंह ठाकुर, जीवन सिंह ठाकुर, अनार सिंह मेवाडा, राजेन्द्र कुँवर, सलीम अंसारी, जितेंद्र ठाकुर, धीरज ठाकुर, सिद्धांत सेठी, टोनी कोठारी, माजिद अली, गोरे मियां, शम्मी खान, राजेश यादव, गुड्डू मीणा मोजूद थे।

## जिन इमारत की नीव गहरी होती है वह अधिक ऊंचाइयों तक जाती है: तहसीलदार सोनाणिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

यह भविष्य ही है जिसके लिए सारी दुनिया को अधूरी दिखाई देती है। पर यही नए सपनो और नए परिवर्तनों को स्थापित करता है। इस सारी प्रक्रिया में जो सबसे महत्वपूर्ण है वह है भविष्य की शुरुआत। जब तक हम प्रारंभ नहीं करेंगे तब तक हम एक सुनहरे भविष्य की तरफ नहीं बढ़ पाएंगे। इसके लिए हमें आरंभ करना अति आवश्यक है।उक्त विचार भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के सी एम् राइज विद्यालय में तहसीलदार अविनाश सोनानिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कही,आगे आपने विभिन्न क्षेत्र में अपनी रुचि अनुसार आगे बढ़ाने हेतु बच्चों से हवन किया। इस




अवसर पर प्राचार्य नितिन कौशल ने भविष्य को एक सुंदर शब्द के रूप में परिभाषित कर बच्चों से आह्वान किया है कि अभी समय आप जिस पवित्र उद्देश्य हेतु विद्यालय में आते हैं उसको पूरा करने में जी जान से लग जाए। कार्यक्रम में मोहम्मद अकबर सिद्दीकी ने प्रकाश डालते हुए कहा कि भविष्य हमें उन कार्यो को करने हेतु आमंत्रित करता है। जो कार्य हमारे जीवन काल में अभी तक नहीं हुए है, और वह हो जाने वाला हो सकतें है। परंतु प्रश्न यह होता है कि हमने उसके लिए क्या तैयारी की रखी है। आगे आपने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अगवाई में संपूर्ण प्रदेश में 18 जून को विद्यार्थी तथा पलकों के प्रवेश उत्सव के माध्यम समाज के प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंच सके वह प्रयास किया गया है। और दो दिन के बाद आज हमने भविष्य पर चर्चा कर इस बात के प्रति अपनी जिम्मेदारी को सामने रखा है कि हमारे बच्चे पढ़ने लिखने के बाद अपने भविष्य के प्रति अधिक संवेदनशील हो तथा समर्पित होकर अध्ययन करें। कार्यक्रम में अजय कुमार मिश्रा उपप्राचार्य, विकास जायसवाल,कमलेश खत्री,धर्मेंद्र खत्री, सुजाता मालवीय, प्रीति विजयवर्गीय, सहित पालक एवम बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपास्थित थे।

## भजन-कीर्तन कर अच्छी बरसात के लिए की इंद्रदेव से प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्रामीण जनता पानी की समस्या से परेशान है ग्रामीण महिलाएं दूर-दराज के कुओं से पानी खींच-चींच कर ला रही है कहीं कुएं में उतरकर अपनी जान जोखिम में डालकर कुएं से पानी लाने को मजबूर है। ग्रामीण जनता कुछ ग्रामीण किसानों ने देसी जुगाड़ लगाकर लकड़ी के सहारे कुएं से पानी निकाल कर पानी निकालने को मजबूर है। इस विकट समस्या को लेकर इंद्रदेव को मनाने के लिये ढोल मंजिरा के साथ भजन गाते हुए ग्रामीण चंदेरी के किसान व



समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा, रामाखेड़ी से घीसीलाल, करण सिंह, चैन सिंह, प्रेम मेवाड़ा, हेमराज पटेल, ढोलक मास्टर चैन सिंह पटेल, ताराचंद मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, अभिषेक मेवाड़ा सहित कई ग्रामीणों ने मिलकर के खेतों में बैठकर इंद्रदेव को मनाने के लिए अनोखे तरीके से इंद्रदेव के भजन गाये। भजन गायक किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा द्वारा इंद्रदेव भगवान की पूजा पाठ करते हुए अच्छी वर्षा की कामना की है कि वर्तमान में किसान अपनी बोनी के लिए पूरी तैयारी करके बैठा है और बस अच्छी बरसात का इंतजार कर रहा है। इंद्रदेव से भजन कीर्तन के माध्यम से अच्छी बरसात की प्रार्थना इन किसानों ने की है।

सीएम राइज स्कूल में सम्पन्न हुआ स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम

# विद्यार्थी हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति सतत प्रयत्न करे: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के सी.एम. राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में गुरूवार को स्कूल चलें हम अभियान 2024 सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सी.एम. राइज़ विद्यालय म.प्र. शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ - साथ उनका सर्वांगीण विकास होगा। विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि विद्यार्थी को हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति सतत प्रयत्न करते रहना चाहिए।

अथक परिश्रम से ही व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। स्कूल चले हम अभियान कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी को भयमुक्त वातावरण मिलें जिससे वह नियमित स्कूल आकर तनावमुक्त रहकर अध्ययन कर सकें उन्होंने प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया तथा कॅरियर काउसंलिंग जैसे कार्यक्रम भी भविष्य में विद्यालय में



आयोजित करने हेतु विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने जिज्ञासा के प्रश्न तैयार रखे और उन्होने कहा कि आगे भी मैं इस विद्यालय के विद्यार्थियों को विज्ञान एवं जीवविज्ञान विषय के छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य करवाने के लिए समय समय पर विद्यालय में आउंगी। संस्था प्राचार्य सितवत खान द्वारा बताया गया कि स्कूल चलें हम अभियान 2024 के तहत शासन द्वारा सी.एम. राइज़ विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे है इसी का परिणाम है, कि वर्ष 2024 माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकेण्डरी परीक्षा में संस्था के 137 विद्यार्थियों को लेपटॉप योजना में चयन हुआ है, तथा संस्था के तीन विद्यार्थियों ने जिले मेरिट में अलग अलग संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य श्री खान ने बताया कि सी.एम. राइज़ विद्यालयों में शिक्षण की नई नई तकनीके अपनाई जा रही है। जिससे विद्यार्थी भयमुक्त वातावरण में रूचि के साथ अध्ययन कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सतीश वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विष्णुप्रसाद पंवार, अंत्येश धारवां, पदमा परमार, आरती विश्वकर्मा, निहायत मंसूरी, अमिता सोनी, नमीता लोवंशी, रघुवीर सिंह, डॉ. जितेन्द्र आर्य, कु. राखी पोहाने, लीला भिलाला, मोनिका जैन, नेहा अंसारी, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह, राम सिंह, उर्मिला यादव, दिनेश कुमार शर्मा, दिनेश गहरवाल, सतीश कुमार, वंदना सोलंकी, शशि बिंजवा, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़िया, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल चलें हम अभियान के तहत कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

स्कूल चले अभियान के तहत सीएम राइज विद्यालय भैरूंदा में भेंट कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के छात्र/छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं अतिथियों के माध्यम से बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल, स्केल इत्यादि स्टेशनरी सामाग्री प्रदाय की गई। भेट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु प्रसाद शर्मा पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष, लखन लाल यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में श्रवण व्यास, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूपेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विजय पवार, बीएसी कमल तंवर, अभिभावक गण, संस्था प्राचार्य शैलेन्द्र लोया व विद्यालय के सभी स्टॉफ सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिन त्रिवेदी के द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक आपस में टकराई, एक घायल

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी रामवीर पुत्र भरोसा अहिरवार उम्र 49 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल ने बताया कि वह अपनी बेटी ज्योति के उपचार के लिए बाइक से लेकर बहेरिया अस्पताल जा रहा था तभी ग्राम भरियाखेड़ी के पास एक मोटरसाइकिल चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मारी। जिससे उसे चोट आई है बेटी बाल-बाल बच गई। घटना की जानकारी लगने के बाद टक्कर देने वाला वाहन और मेरे वाहन को भरियाखेड़ी के विद्युत सब स्टेशन में रख दिया गया है मुझे नहीं पता कि जिसने मुझे टक्कर मारी है वह कहां भाग गया।

### ऑटो चालक ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर घायल

**अशोकनगर।** अशोकनगर देहात थाने के अंतर्गत नए बस स्टैंड के पास नहर कॉलोनी में रहने वाले और वेयरहाउस में काम करने वाले एक कर्मचारी जब अपने घर से बाइक से वेयरहाउस आ रहा था तभी एक ऑटो चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जहां उपचार के बाद डॉक्टरों की सलाह पर घायल को उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया है।

### जहरीले पदार्थ खाने से युवक की मौत

**मुलताई।** छिंदवाड़ा रोड पर स्थित ग्राम पारडसिंगा में एक युवक के जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसको लेकर ग्राम में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी अनुसार पारडसिंगा निवासी धनराज पुत्र अजाबराव ने अज्ञात कारणो के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी। तत्काल उसे परिजन नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहा उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल ले गए, यहां भी डॉक्टर ने उसकी हालत देखते हुए बैतूल रेफर कर दिया। जिसके बाद युवक को गंभीर अवस्था में बैतूल ले जाया जा रहा था कि तभी रास्ते में जाते समय ही धनराज ने दम तोड़ दिया।

### दो दिन तक बंद रहेगी शहर की यह सड़क

**बैतूल।** वन रक्षक भर्ती परीक्षा के द्वितीय चरण में 27 से 28 जून तक वन रक्षक की पैदल चाल परीक्षा के लिए वन विद्यालय से बरसाली मार्ग सामान्य आवाजाही के लिए बंद रहेगा। वन मंडल अधिकारी विजयानन्तम.टीआर ने इस संबंध में जारी आदेश में लेख किया है कि 12.5 किमी की पैदल चाल परीक्षा प्रातः 5 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### कलेक्टर ने परखी बच्चों की बौद्धिक क्षमता, कई प्रश्नों को हल करके बताया

# शिक्षक बनकर कलेक्टर ने छात्र छात्राओं को पढ़ाया भौतिक विज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर ने शिक्षक बनकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जिला मुख्यालय के पछाडीखेडा रोड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 अशोकनगर में पहुंचे एवं शिक्षक बनकर एक घंटें का पीरियड़ लेकर छात्र-छात्राओं को भौतिक विज्ञान विषय को पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कक्षा में उपस्थित 09वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं की बौद्धिक क्षमता को परखा।

कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कक्षा में पहुंचते ही बच्चों का परिचय प्राप्त किया। साथ ही साईकिल क्रय के लिए प्राप्त होने वाली राशि के बारे में बच्चों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से भौतिक विज्ञान से संबंधित बेसिक प्रश्नों को पूछा। उन्होंने पूछा कि सूरज सुबह एवं शाम के समय लाल क्यों दिखाई देता है। इस पर कलेक्टर ने बच्चों को बताया कि सूरज की किरणों को धरती तक पहुंचने में ज्यादा दूरी तय करनी पड़ती है। लाल रंग की वेवलेंथ सबसे ज्यादा जबकि प्रकीर्णन सबसे कम होती है. ऐसे में सूर्योदय और सूर्यास्त के वक्त आंखों में पहुंचने वाले प्रकाश में ज्यादा तीव्रता लाल रंग की होती है। उन्होंने बच्चों से पूछा कि प्रकाश कितने रंगो से मिलकर बना है। बच्चों द्वारा बताया गया कि प्रकाश सात रंगो से मिलकर बना है। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को रंगो के क्रम के बारे में जानकारी दी। सिग्नल में लाल रंग क्यो होता है। कलेक्टर ने बताया कि लाल रंग की तरंगदैघ्र्य सबसे लंबी होती है। लाल रंग का प्रकीर्णन कम होगा। जिससे सभी रंगों में इसकी तरंगदैघ्र्य उच्च होती है। आसमान नीला क्यों दिखाई देता है। कलेक्टर ने बताया कि नीला रंग अधिक प्रकीर्णित होता है। इसलिए आकाश नीला दिखाई देता है। नीले रंग के अधिक प्रकीर्णन का कारण यह है कि नीले प्रकाश की तरंग दैध्र्य अन्य प्रकाश की तुलना में कम होती है। नीला प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में हवा के छोटे अणुओं द्वारा सभी दिशाओं में प्रकीर्णित होता है। इसी कारण आकाश नीला दिखाई देता है।

### जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत रावसर पहुंची और बच्चों को अंग्रेजी विषय की जानकारी दी



कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत 20 जून 2024 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत जिले के अधिकारियों को शालाओं का आवंटन किया गया था। इसी क्रम में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा गुरूवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय राँवसर पहुंची। इस दौरान उन्होंने कक्षा 6, 7, 8 के छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी विषय की बेसिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कक्षा 6 की अंग्रेजी विषय का पाठ द ट्री पढ़ाकर अभ्यास कराया गया। उन्होंने बच्चों को अगले दिन के लिए होमवर्क कार्य भी दिया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली गई । छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिया तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने अगली बार पुनः आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शिक्षक दिनेश गुप्ता ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का परिचय करवाया। कार्यक्रम पश्चात मध्यान भोजन कार्यक्रम में मैडम तथा जिला परियोजना अधिकारी राहुल शर्मा ने भोजन किया।

#### कलेक्टर ने न्यूटन का नियम पूछा

इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से प्रकीर्णन, गुरूत्वाकर्षण,न्यूटन,आवृति तरंगदैध्र्य,जी का बिमीय सूत्र,एफ का बीमीय सूत्र के संबंध में बच्चों से पूछा। साथ ही कलेक्टर ने बोर्ड पर प्रश्नों को हल करने छात्र-छात्राओं को विस्तार से पढ़ाया।कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि रटने की अपेक्षा ध्यानपूर्वक पढ़ें और पढाई को बेस मजबूत होगा। जिससे भविष्य के लिए आगे काम आयेगा। इस दौरान उन्होंने पुनरू बच्चों से भेंट करने की बात कही।

#### छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

कलेक्टर द्वारा उपस्थित बच्चों से भौतिक विज्ञान से संबंधित प्रश्नों को पूछा गया था। बच्चों द्वारा सही उत्तर दिये जाने पर पेन एवं रजिस्टर देकर पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला,डीपीसी राहुल शर्मा,एपीसी महेन्द्र जैन,प्राचार्य राकेश यादव सहित स्कूली स्टॉफ उपस्थित रहा।

## एसपी ने बच्चों के स्कूली ज्ञान को परखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अखाईकृष्ण मे बच्चों को भविष्य की शिक्षा, ज्ञान देते हुये मॉटीवेट किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को बताया कि हमें अच्छा काम करने के लिये किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। बच्चो खूब मन लगाकर पढ़ाई करो।

बाद में बच्चों द्वारा पुलिस अधीक्षक से प्रश्न पूछे गये कि आपने एसपी बनने के लिये कितना परिश्रम किया, जिसका जबाव देते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मैंने भोपाल में पीएससी की पढ़ाई की, इसके बाद में डीएसपी बना और 20 साल बाद मैं एसपी बना हूँ, लेकिन अगर आप सीधे एसपी बनना चाहते हैं तो यूपीएससी की परीक्षा पास करना होगा। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा बच्चों को किताबें वितरित की गई एवं स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया।इस दौरान बच्चो ने पुलिस मे नौकरी करने की इच्छा जताई एक बच्चे ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई। एसपी ने कहा कि पढाई ही एक मात्र ज्ञान का जरिया है। किसी भी मुकाम पर पहुचना है तो पढाई से ही पहुचा जा सकता हैं।

**संवाद के दौरान अनेक छात्र-छात्राओं ने पुलिस में नौकरी की इच्छा जाहिर की**

उक्त कार्यक्रम के तहत गजेन्द्र सिंह कंवर अति० पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरोदिया तूमॅन एवं विवेक शर्मा एसडीओपी अशोकनगर द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय तूमॅन पहुंचकर बच्चों को पढाया गया तथा आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।इसी प्रकार जिले के अन्य थाना प्रभारी निरी० बृजमोहन कुशवाह थाना प्रभारी सेहराई द्वारा माध्यमिक विद्यालय सेहराई पहुंचकर बच्चों को पढ़ाया गया। इसी प्रकार उनि आशुतोष गुप्ता थाना प्रभारी नईसरांय द्वारा माध्यमिक स्कूल कांकड़ा, उनि सुनील पुरवैया थाना पिपरई द्वारा माध्यमिक विद्यालय पिपरई, निरी० गब्बर सिंह गुर्जर थाना प्रभारी मुंगावली द्वारा कन्या हाई स्कूल मुंगावली, निरी० मनीष जादोंन थाना प्रभारी चन्देरी द्वारा शासकीय विद्यालय कैथन, निरी० मनीष चैहान थाना प्रभारी कदवाया द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय कदवाया, उनि अक्षय कुशवाह थाना प्रभारी कचनार द्वारा माध्यमिक स्कूल राजपुर, उनि अरविन्द कुशवाह थाना प्रभारी बहादुरपुर द्वारा शासकीय माध्यमिक स्कूल बहादुरपुर, सूबेदार संतोष शर्मा द्वारा शासकीय मिडिल स्कूल सेमराहाट, निरी० मनीष कुमार शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिजावट पहुंचकर बच्चों को पेन वितरित किये गये, बच्चों के प्रश्नों के जबाब दिये गये, ब्लेक बोर्ड पर पढ़ाया गया। महिला उनि सोनम यादव थाना देहात द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय सहोदरी पहुंचकर बच्चों को महिला संबंधी अपराधों के बारे में बताया एवं समझाया गया, छात्राओं को गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया।

## आरोपियों के कब्जें से जेवरात और दो मोबाइल जब्त

### दो माह पूर्व त्रिलोकपुरी कॉलोनी में ग्रहभेदन कर तीन लोगों ने दिया था चोरी की घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर सिटी कोतवाली पुलिस ने शहर के त्रिलोकपुरी कालोनी में चोरी की घटना से परदा उठाते हुऐ जेबरात और मोबाईल चुराने वाले आरोपीयों को गिरफतार कर उनके कब्जे से दो मोबाईल कीमत बीस हजार रूपये एवं सोने चांदी के आभूषण कीमत तीस हजार रूपये मूल्य का चुराया गया माल बरामद किया है। पकड में आये आरोपीयों के आपराधिक रिकार्ड को खंगाला जा रहा है। पाया गया है कि गुना स्थित केंट और कोतवाली क्षेत्र में भी लगातार चोरी की घटनाएँ करते रहने का आपराधिक विवरण सामने आया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में कोतवाली पुलिस दवारा विविध अपराधों की रोकथाम में एवं फरार चल रहे आरोपीयो को पकडने में सफलताऐ प्राप्त कर रही है कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा के नैतृत्व में विगत रोज पुलिस टीम दवारा गुना स्थित हडडी मील निवासी पंकज जाटव आयु 22 साल एवं करण अहिरवार आयु 25 साल को गिरफतार किया था। जिसके कब्जे से चुराऐ गये आभूषण और दो मोबाईल बरामद किये है। विगत 20 मार्च 2024 को रात्रि समय ग्रहभेदन करते हुऐ त्रिलोकपुरी निवासी इंद्रभान सिंह जाटव के घर से आरोपी अभिषेक परिहार सहित दो अन्य उसके साथियों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था, पुलिस थाना कोतवाली पर फरियादी की रिपोर्ट से अपराध क्रमांक 203/2024 धारा 457,380 भादवि के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपीयों की धरपकड के लिये सभी संसाधनों का उपयोग करते हुऐ सर्वप्रथम अभिषेक परिहार को गिरफतार किया था। जिसने पुलिस पूछताछ में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पंकज जाटव और करण अहिरवार को सम्मिलित अपराध घटित किया था। जिलें के सायबर सेल प्रभारी मसीह खान दवारा तकनीकि साधनों से अपराध घटित करने वाले अभिषेक परिहार को चिहिंत किया था चोरी की घटनाओं में लिप्त उक्त तीनों आरोपीयों को गिरफतार कर चुराया गया सामान बरामद किया है। जिसमें करण अहिरवार के विरुद्ध अशोकनगर न्यायालय दवारा स्थाई गिरफतारी वारंट जारी किया था। जिसे भी पुलिस ने उक्त आरोपीयो की गिर० के साथ तामील कराया । आरोपियो को गिरफतार करने मे मनीष कुमार शर्मा, उनि सत्येंद्र सिंह कुशवाह, सउनि रामविनायक सिंह, प्रआर 377 सूरज हर्षाना, प्रआर 180 वेद्रपकाश तिवारी, आर 519 अवनीश, आर 429 जितेंद्र तोमर, आर 119 सोनू धाकड की तत्परयतापूर्ण कार्यवाही को देखते हुए प्रसंशनीय है।

## स्कूल की छुट्टी होने के बाद इमली के पेड़ स्कूल पर गिरे, दो कक्ष टूटे, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भविष्य से भेट कार्यक्रम गुरूवार को ही आयोजित किया गया था। रावसर गाव के मिडिल स्कूल मे जिला पंचायत की सीईओ नेहा जैन पहुची थी। यहा प्रायमरी और मिडिल स्कूल अलग अलग लगते है। स्कूल की छुटटी होने के बाद प्रायमरी स्कूल से लगे दो इमली के पेड गिर जाने के कारण दो कक्ष पूरी तरह टूट गए है। जिससे स्कूल की व्यवस्था प्रभावित होगी।

स्कूल के प्रधानाध्यपक चिंरोली लाल मांडरे ने बताया कि यहा यह घटना शाम 5:30 बजे हुई। उस समय बच्चो की छुटटी हो गई थी। दो बहुत पुराने इमली के पेड प्रायमरी स्कूल के बगल से लगे थे। अचानक यह दोनो पेड स्कूल भवन पर गिर गए। उन्होने बताया कि जिससे एक प्रधानाध्यपक के बैठने का कक्ष टूट गया है और दूसरा एक कक्ष जिसमे बच्चे बैठकर पढते थे। वह भी पेड गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होने बताया कि इस स्कूल मे कक्षा 1 से 5 तक 110 बच्चे पढते है। बच्चो को पढने के तीन कक्ष थे अब दो ही कक्ष बचे है। उसी मे प्रधानाध्यपक को बैठना पडेगा। उन्होने कहा कि सभी वरिष्ठ शिक्षा विभाग के अधिकारियो को अवगत करा दिया गया है।



**जीर्णशीर्ण शालाओं का परीक्षण कराया जाए :** जिले में स्कूल शिक्षा विभाग को वर्षाकाल के मौसम को देखते हुए क्षतिग्रस्त स्कूलो का आकलन कराया जाना चाहिए। जहा भी जीर्णशीर्ण शाला भवन उन भवनो मे स्कूल न लगाया जाए। इसके लिए अन्यत्र व्यवस्था की जाए। अगर कभी कोई गंभीर घटना हुई तो कौन जिम्मेदार होगा।

### सड़क किनारे लगे किलोमीटर के पत्थर से बाइक टकराई, भाई बहन घायल

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत नवनीत राम पुत्र सीताराम कुशवाहा उम्र 45 वर्ष अपने गांव से बाइक पर बिठाकर अपनी बहन आराम बाई पति पप्पू कुशवाहा को बिठाकर ग्राम जुग्या छोड़ने जा रहा था। जब गांव की सड़क से बाइक जुग्या की ओर जा रही थी तभी सड़क किनारे लगे किलोमीटर के पत्थर से बाइक टकरा गई। जिससे भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

## महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चन्देरी

गुरुवार की शाम नगर के हाटकापूरा मोहल्ला में एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेजा। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतका के परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार हाटकापूरा वर्ड क्रमांक 12 के निवासी रजनी पति कल्ला चिड़ार उम्र लगभग 27 वर्ष की शादी पिछले लगभग 10 साल पहले सलाइयां गांव जिला ललितपुर से हुई थी। कल गुरवार सुबह सभी के साथ खाना पीना खाकर की शाम के समय तब



परिजन कही चले गए तो महिला ने यह कदम उठाया थे परिजन घर पहुंचे और घर के दरवाजे खोले तो महिला आगे वाले कमरे लगे पंखे के ऊपर कुंदी पर रस्सी का फंदे पर फांसी पर लटकी हुई थी। तव इस घटना के तुरंत बाद परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से पुलिस को सूचना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस टीम ने मौका मुआयना करने के बाद शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल भेजा।

### आठ अर्घो के साथ की जिनवाणी माता की महापूजा

# विश्व शांति महायज्ञ में ग्यारह लाख मंत्रों के साथ हुई आहुतियां समर्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में श्री विद्यासागर महिला मंडल के संयोजन मे मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद एवं मुनि श्री शाश्वत सागरजी महाराज के सान्निध्य में आठ दिन से चल रहे श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ मे आज ग्यारह लाख मंत्रों की आहुतियां दी गई। यह विधान प्रतिष्ठाचार्य मुकेश भइया के मंत्रोच्चार के बीच सुभाष गंज जैन मन्दिर में भक्तों की जय जय कार के बीच किया जा रहा हैं।

इसके पहले प्रतिष्ठाचार्य मुकेश भइया के मंत्रोच्चार के बीच जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई इसके बाद मंडल पर ध्वज समर्पित किये गये। इसके साथ ही विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ हवन कुंड की शुद्धि के साथ हुआ जहां प्रमुख पात्रो दारा आहुतियां समर्पित की गई। महायज्ञ में सौधर्म इन्द्र के रूप में पद्म कुमार पिम्मी वाझल, महायज्ञ नायक प्रसन्न कुमार विनोद कुमार मोदी, कुवेर इन्द्र अरूण कुमार मैनपुर, तीर्थंकर कुडं पर बैठ कर वहीं ध्वजारोहणकर्ता धर्मेन्द्र रोकड़यि श्रीपाल मैना सुन्दरी लता सतीश राजपुर ने अरिहंत कुंड पर वही अन्य प्रमुख पात्रो मे इंसान सुनील अखाई राकेश सुनील कुमार घेलू, अर्चित कासंल सभी पत्रों ने महायज्ञ में बैठकर आहुतियां समर्पित की। इसके साथ ही एक सौ ग्यारह कुंडो पर सभी इन्द्र इन्द्राणी दारा सुरेन्द्र मंत्रों शान्ति मंत्र व अन्य विशेष मंत्रो के साथ आहुतियां समर्पित की गई।

#### मुनि श्री को कमेटी ने किया श्री फल भेंट

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि हमें परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री शास्वत सागर जी महाराज का सान्निध्य मिल रहा है पूज्य श्री का विहार राजस्थान की ओर चल रहा है हम सब निवेदन करते हैं कि कुछ दिन हमें प्रदान करें। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल मंत्री विजय धुर्रा मंत्री शैलेन्द्र श्रृगार कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी प्रमोद मंगल दीप मुन्ना वाझल रोहित सिंघई निर्मल मिर्ची सौधर्म इन्द्र पदम कुमार वाझल पिम्मी धर्मेन्द्र रोकड़यि श्रीपाल मैना सुन्दरी सतीश राजपुर अरुण जैन आदि ने मुनि श्री को श्री फल भेंट कर रही चातुर्मास का निवेदन किया।

## नवागत एसपी जैन का वैश्य महासम्मेलन ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वैश्य महासम्मेलन अशोकनगर के जिला अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला के निवास पर अशोकनगर जिले के एस.पी. विनीत जैन, पत्नी डॉक्टर शालिनी जैन, और उनके पुत्र हर्षित जैन का सम्मान किया गया। एसपी ने कहा कि हमे समाज कार्य के साथ साथ अपने जन्म दिवस पर माता पिता की याद में बृक्षा रोपण करना चाहिए । पशुओं को चारा पानी एवम जल सम्बर्धन पर भी कार्य करना चाहिए । सभी एक पौधा अवश्य रोपित करे । और उसका संरक्षण अवश्य करे। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन अशोकनगर के विशिष्ट जिला संरक्षक डॉक्टर डी.के. जैन, जिला अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला, जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, प्रदेश कार्य कार्यकारिणी सदस्य सुनील अग्रवाल, वरिष्ठ रमेश चैधरी , सुभाष वकील , युवा इकाई जिला अध्यक्ष रीतेश जैन, युवा इकाई जिला प्रभारी श्याम गुप्ता, महिला इकाई कार्यकारी जिला अध्यक्ष सीमा सुराणा, जिला महामंत्री महेंद्र कडेसरा, श्रेयांश जैन, मदन सोनी, जिला उपाध्यक्ष राजेश तारई, नगर अध्यक्ष राजेश सोनी, अनीता जैन, खुशी जैन एवं अन्य वैश्य बंधु उपस्थित रहे।